FC 20230819.

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## वित्त समिति की बैठक दिनांक 19 अगस्त, 2023 का कार्यवृत्त।

लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक आज दिनांक 19 अगस्त, 2023 को अपराहन् 2:00 बजे प्रसाशनिक भवन स्थित मंथन कक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहे:—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री आलोक कुमार राय** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. | श्रीमती अंजू सिंह संत | अपर निदेशक, पेंशन एवं कोषागार, प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 3. | श्री एस. पी. मिश्र | उप—सचिव, उच्च शिक्षा, प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 4. | डा0 विनोद कुमार सिंह | कुलसचिव | सदस्य |
| 5. | श्री विद्यानन्द त्रिपाठी | परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 6. | श्रीमती हिमानी चौधरी | वित्त अधिकारी | सचिव सदस्य |

**बिन्दु संख्या—01**

वित्त समिति की बैठक दिनांक 15 मार्च, 2023 की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, वित्त समिति की गत बैठक दिनांक 15 मार्च, 2023 के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई।

**बिन्दु संख्या—02**

अधिष्ठाता एकेडमिक, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित "QUARTILE-EXCEL' Scheme के निम्नवत् प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया:—

| | |
|---|---|
| 1 | Quartile-Based Incentives: The 'QUARTILE-EXCEL' Scheme offers specific incentivees to faculty members based on the quaritile ranking of the Scopus indexed jurnals in which their research is publised. Higher quartile rankings will be associated with higher incentives, providing a compelling motivation to aim for top-tier publications,<br>Platium Quartile Incentive Q1 : Rs. 8000<br>Gold Quartile Incentive Q2 : Rs. 6000<br>Silver Quartile Incentive Q3 : Rs. 4000<br>Bronze Quartile Incentive Q4 : Rs. 2000 |
| 2 | Publication Excellence Awards: 'QUARTILE-EXCEL' will confer prestigious Publication Excellence Awards to faculty members who achieve publication in top 50 Scopus indexed Journal. These awards will celebrate their significant contributions to the university's research landscape:<br>Rs. 10000 |
| 3 | International Collaboration Funding: The scheme will facilitate international research collaborations by offering awards for joint research projects with distinguished institutions publishing in Scopus indexed journals.<br>Rs. 3000 Per publication |

| | |
|---|---|
| | " QUARTILE-EXCEL" is a testament to LU commitment to nurturing a research driven academic culture and recognizing faculty members' dedication to producing impactful research By incentivizing faculty to publish in Scopus indexed journals, the university aims to elevate its research impact and advance its global standing.<br>All awardees will be honoured in a ceremony with certificates and monetary incentive. The monetary incentive will be equally shared among contributors from the university. |

समिति द्वारा उक्त निर्णय पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–3**

कार्य–परिषद की मा0 सदस्या जस्टिस रंजना पाण्डया को कार्य–परिषद की बैठक में प्रतिभाग किये जाने हेतु अतिरिक्त मानदेय की मॉग किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति को यह भी अवगत कराया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में चयन समिति की बैठक में प्रतिभाग करने वाले वाह्य सदस्यों को रू0 3000/– की दर से मानदेय दिये जाने का प्राविधान है। उक्त का संज्ञान लेते हुए पूर्व में लिए गये निर्णय के अनुसार कार्य–परिषद की बैठक में प्रतिभाग करने वाले वाह्य मा0 सदस्यों को भी रू0 3000/– प्रति बैठक मानदेय दिये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु सं0–4**

विभागाध्यक्ष, योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय द्वारा प्रेषित प्रस्ताव जोकि संकाय में योग प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत डा0 उमेश कुमार शुक्ल तथा डा0 सत्येन्द्र कुमार मिश्र को रू0 25,000/– के स्थान पर रू0 35,000/– प्रतिमाह दिये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति को अवगत कराया गया कि योग प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत योग प्रशिक्षकों को सत्र 2016 से रू0 25,000/– प्रतिमाह नियत वेतन की दर से भुगतान किया जा रहा है। चर्चा के उपरान्त समिति द्वारा योग प्रशिक्षक के वेतन में वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष 3 प्रतिशत की दर से वृद्धि करते हुए 7 वर्षो हेतु कुल 21 प्रतिशत रू0 5250/– की बढ़ोत्तरी के उपरान्त रू0 30,250/– प्रतिमाह किये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु सं0–5**

प्रो0 मैत्री प्रियदर्शनी, डिपार्टमेण्ट ऑफ इंगलिस एण्ड मार्डन यूरोपियन लैंगवैज के प्रस्ताव के अनुसार हैप्पी थिंकिंग लैब के सुलभ संचालन हेतु विशेषज्ञ के रूप लखनऊ विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्त व हैप्पी थिंकिंग लैब की पूर्व निर्देशिका प्रो0 मधुरिमा प्रधान को नामित किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा शासनादेशानुसार सेवानिवृत्ति के उपरान्त शासकीय सेवा प्रदान किये जाने से सम्बन्धित दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए रू0 35,000/– प्रतिमाह की दर से प्रो0 मधुरिमा प्रधान, को हैप्पी थिंकिंग लैब के सुलभ संचालन के लिए नियुक्त किये जाने पर कार्य परिषद से अनुमोदन के उपरान्त नियुक्त किये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु सं0–6**

अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेण्ट सेल द्वारा विभाग में शुरू किये जाने वाले Summer Industrial Training Program में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं से रू0 6000/– की शुल्क लिए जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा छात्र/छात्राओं से शुल्क के रूप में प्राप्त होने वाली धनराशि के उपयोग के बारे में चर्चा की। जिसपर समिति को अवगत कराया गया कि Summer Industrial Training Program में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं से लिए जाने वाले शुल्क का उपयोग इंजीनियरिंग फैकल्टी में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाने वाली लैब–सुविधाओं एवं विषयों के व्यवहारिक ज्ञान पर किया जाएगा। समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी तथा उक्त मद से प्राप्त हाने वाली आय को Income from other Sources के रूप में अंकित किये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु सं0–7**

प्रो0 प्रेरणा माथुर, समन्वयक प्राच्य संस्कृत विभाग द्वारा प्रेषित एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा कर्मकाण्ड को स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के रूप में संचालित करने तथा सीटों की संख्या 20 एवं प्रति समेस्टर रू0 10,000/– प्रति छात्र/छात्राओं से शुल्क लिए जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–8**

विभागाध्यक्ष, पुस्तकालय विज्ञान विभाग द्वारा विभाग में संचालित परास्नातक पाठ्यक्रम M.Lib.I.Sc. स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम में एक सहायक आचार्य (संविदा) के पद के सृजन से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा स्ववित्त प्रोषित पाठ्यक्रम के पद सृजन के मानक के अनुरूप शासनादेश में वर्णित प्राविधान के अन्तर्गत पद सृजन पर सहमति प्रदान की गयी साथ प्रस्ताव को कार्य–परिषद से अनुमोदन के उपरान्त शासन को सूचना प्रेषित करने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–9**

प्रो0 बी.डी. सिंह, फैकल्टी ऑफ लॉ में होने वाली मौखिक परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले वाहय परीक्षक एवं आन्तरिक परीक्षकों को रू0 1000/– प्रति पाली, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को विश्वविद्यालय में अनुमन्य दरों तथा मौखिक परीक्षा हेतु स्वल्पाहार पर रू0 2000/– प्रतिदिन व्यय किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रस्ताव पर चर्चा के उपरान्त उक्त कार्य हेतु पूर्व से निर्धारित दरों को ही यथावत् रखे जाने का निर्णय लिया गया।

**बिन्दु सं0–10**

जीव रसायन विज्ञान विभाग में संचालित M.Sc. Biochemistry की 25 सामान्य सीटों के अतिरिक्त स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 10 सीटों पर प्रवेश लिए जाने एवं शुल्क रू0 49,522/– प्रति सेमेस्टर प्रति छात्र/छात्राओं से लिए जाने से सम्बन्धी प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–11**

डा0 चॉदकी राम गौतम, प्रधान अन्वेषक भौतिक विज्ञान विभाग प्रेषित प्रतिपूर्ति बीजक धनराशि रू0 5,59,204/– जिसमें से रू0 5,00,000/– की धनराशि उपकरण मद के अन्तर्गत M/S Metrex Scientific Instruments Pvt. Ltd. को एवं रू0 59,204/– की धनराशि पूतिपूर्ति के रूप में डा0 चॉदकी राम गौतम को किया जाना प्रस्तावित है। उक्त धनराशि उत्तर प्रदेश शासन से शिक्षकों के शोध कार्यो हेतु शासनादेश संख्या 89/2022/1585/सत्तर–4–2022/001–4–32–2022 दिनांक 10 नवम्बर, 2022 के द्वारा 27,43,350/– की धनराशि के सापेक्ष श्री चॉदकी राम गौतम को रू0 7,76,600/– की धनराशि आवंटित की गयी थी, जिसका उपभोग 31 मार्च, 2023 तक किया जाना था, से सम्बन्धित पत्रावली/प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिसपर समिति द्वारा उक्त प्रकरण को निर्णय हेतु शासन को संदर्भित किये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

## अन्य बिन्दु

**बिन्दु सं0–1**

लखनऊ विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक में राजस्व पक्ष के अन्तर्गत भारतीय साईंस कांग्रेस के आयोजन हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 200.00 लाख मात्र को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वारा भारतीय साईंस कांग्रेस आयोजित न किये जाने के फलस्वरूप उक्त बजटीय प्राविधानित धनराशि का उपयोग राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार/पेटेन्ट/बौद्धिक सम्पदा अधिकार

(आई.पी.आर.)/कांफ्रेन्स/रिसर्च, वर्कशाप, शोध व्यवस्था को बलवती करने एवं अन्य व्ययों हेतु किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0—2**

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में शिक्षकों के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग में 09 पद, सिविल इंजीनियरिंग में 01 पद, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 01 पद एवं इंजीनियरिंग मैथमेटिक्स (एप्लाइड सांईस एण्ड हयूमैनिटिस) में 01 पद कुल 12 पदों के सृजन से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0—3**

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में समूह ग एवं घ के कर्मचारियों के समूह ग के नान—टेक्निकल —12 पद, समूह ग टेक्निकल 23 पद समूह घ परिचर 14 पद, समूह घ माली 05 पद एवं समूह घ सफाई कर्मी 06 पद कुल 60 पदों के सृजन से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सैधांतिक रूप से न्यूनतम् आवश्यकता के आधार पर पद सृजन किये जाने एवं नियमानुसार सेवा प्रदाता एजेन्सी से आउट—सोर्सिंग के माध्यम से सेवाएं लिए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0—4**

लखनऊ विश्वविद्यालय में 04 नयें जिले जुड़ने के पश्चात् सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं की संख्या जोकि पूर्व में 1,25,000 थी, अद्यतन बढ़कर लगभग 3,50,000 हो गयी है, जिसके आगामी वर्षो में 5,00,000 तक हो जाने की सम्भावना है। इसके दृष्टिगत परीक्षा कार्यों के मूल्यांकन एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य कार्यो के सुचारू—रूप से सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में 01 परीक्षा भवन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसका आगणन उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 द्वारा तैयार किया गया है, जोकि रू0 2311.46 लाख मात्र है। उक्त भवन विश्वविद्यालय की बचतों के माध्यम से बनाए जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु सं0—5**

प्रो0 रूपेश कुमार, चेयरमैन क्रीड़ा परिषद, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023—24 से होनहार खिलाड़ियों हेतु तैयार किये गये कुशल खिलाड़ी कोष से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0—6**

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनिरिंग संकाय में संविदा पर कार्यरत शिक्षकों को वार्षिक वेतनवृद्धि दिये जाने हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा गठित समिति की अनुशंसा को समिति के चेयर पर्सन प्रो0 पूनम टण्डन द्वारा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया, समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रतिवर्ष जुलाई माह में 3 प्रतिशत का वेतनवृद्धि नियमानुसार अनुमन्य किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया तथा संकाय के समग्र विकास में शिक्षकों के योगदान के दृष्टिगत अतिरिक्त वेतनवृद्धि दिये जाने हेतु प्रस्ताव पर निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया गयाः—

1. ऐसे शिक्षक जो 01 जुलाई, 2023 तक 03 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूर्ण कर चुके हों, उन्हें 3 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त वार्षिक वेतनवृद्धि अनुमन्य की जाए।
2. ऐसे शिक्षक जो 01 जुलाई, 2023 तक 05 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूर्ण कर चुके हों, उन्हें 3 प्रतिशत की दर से 02 अतिरिक्त वार्षिक वेतनवृद्धि अनुमन्य की जाए।

बिन्दु सं0—7

प्रो0 डी. आर. साहू संयोजक डा0 राम मनोहर लोहिया शोधपीठ द्वारा प्रेषित किये गये डा0 राम मनोहर लोहिया शोधपीठ की परिवर्तित नियमावली एवं उससे सम्बन्धित बजट समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गयी, जिसपर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु सं0—8

परीक्षा नियंत्रक द्वारा परीक्षा कार्यों में संलग्न तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों 50 कार्य दिवसों का मानदेय दिये जाने से सम्बन्धित सीमा को समाप्त कर वास्तविकता के आधार पर मानदेय दिये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा परीक्षा, मूल्यांकन, रिजल्ट, यू.एफ.एम., स्कूटनी आदि में लगे कार्मिकों को वास्तविक कार्य दिवस के आधार पर मानदेय दिये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति की बैठक सम्पन्न हुई।**

(हिमानी चौधरी)
वित्त अधिकारी

(डा॰ विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

(एस. पी. मिश्रा)
उप–सचिव उच्च शिक्षा,
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, उ0शि0
उ0प्र0 शासन।

(अंजू सिंह संत)
अपर निदेशक, पेंशन एवं कोषागार,
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव (वित्त),
उ0प्र0 शासन।

(प्रो0 आलोक कुमार राय)
कुलपति